आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 23.09.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनता को लिखे खुले पत्र में कहा है कि जीएसटी सुधार का असर अब दिखने लगा है। ये सुधार आमजनता की बचत बढायेंगे और इनसे व्यापारी किसान, महिला, युवा और गरीब सभी वर्गो को फायदा होगा। प्रधानमंत्री ने लिखा कि ये देखकर अच्छा लगा कि कई दुकानदार और व्यापारी 'पहले और अब' के बोर्ड लगाकर, लोगों को बता रहे हैं कि कोई सामान कितना सस्ता हो गया है। श्री मोदी ने दुकानदारों और व्यापारियों से स्वदेशी सामान ही बेचने की अपील की है।

0000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज भीलवाडा दौरे पर रहेंगे। श्री शर्मा नगर निगम परिसर में चल रहे शहरी सेवा शिविर का जायजा लेंगे और लाभार्थियों से संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री का हमीरगढ नगर पालिका क्षेत्र में भी शहरी सेवा शिविर के अवलोकन का कार्यक्रम हैं।

0000

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना–आयुष्मान भारत के आज सात साल पूरे हो गए है। सितंबर 2018 में रांची से शुरू की गई ये दुनिया की सबसे बड़ी सरकारी वित्त पोषित स्वास्थ्य बीमा योजना है। इससे देश की स्वास्थ्य सेवा में क्रांतिकारी बदलाव आये है। इस योजना से अब तक 55 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित हुए हैं। यह परिवारों को पांच लाख का वार्षिक स्वास्थ्य बीमा प्रदान करती है, जिससे देश भर में कैशलेस और कागज़ रहित उपचार संभव हो पाया है। सोशल मीडिया पोस्ट में स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने कहा कि **ये** स्वस्थ भारत, विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने की कुंजी है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत की उल्लेखनीय सफलता सरकार, स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और नागरिकों के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है।

0000

आज अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस है। इस अवसर पर सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार नई दिल्ली में भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्र के एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान डॉ. कुमार कई प्रमुख पहलों का शुभारंभ करेंगे। ये बधिर समुदाय के लिए शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार और सशक्तिकरण के नए अवसर सृजित करेंगे। केन्द्रीय मंत्री आठवीं राष्ट्रीय भारतीय सांकेतिक भाषा प्रतियोगिता 2025 के विजेताओं को भी सम्मानित करेंगे।

0000

वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने कल अलवर में प्रतिभा सम्मान समारोह में शिरकत की। इस दौरान 400 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से प्रतिभावान छात्र छात्राओं को आगे बढने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने बालिका शिक्षा के ज्यादा से ज्यादा प्रसार पर भी जोर दिया।

**0000**

शारदीय नवरात्रि के दूसरे दिन आज मां दुर्गा के ब्रम्हचारिणी स्वरूप की उपासना की जा रही है। वहीं नवरात्रि की शुरूआत के साथ साथ ही कल से प्रदेशभर में विभिन्न स्थानों पर माता के पंडाल सजाये गये है और विभिन्न धार्मिक आयोजनों की शुरूआत हुई। वागड अंचल के प्रसिद्ध शक्तिपीठ त्रिपुर सुंदरी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड उमड रही है। हमारे बांसवाडा संवाददाता ने बताया कि समूचा वातावरण देवी मां के जयकारों से गूंज रहा है।

....

0000

राज्य के अधिकतर जिलों में बारिश का दौर थम गया है। हालांकि पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में हल्की बारिश का दौर अभी भी बना हुआ है। मौसम विभाग ने आज झालावाड़, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, डूंगरपुर सहित 6 जिलों में बरसात का यलो अलर्ट बताया है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा के अनुसार पश्चिमी राजस्थान से मानसून विदा हो चुका है। इस सप्ताह के आखिरी तक राज्य के बाकी हिस्सों से भी मॉनसून की विदाई हो जायेगी। बीते 24 घंटों में उदयपुर, प्रतापगढ, राजसमंद

और बांसवाडा में कहीं–कहीं हल्की बारिश हुई। वहीं श्रीगंगानगर में दिन का तापमान 39 दशमलव 5 डिग्री सैल्सियस रहा। चूरू और पिलानी में भी अधिकतम तापमान 38 डिग्री सैल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड हुआ।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आकाशवाणी से प्रसारित होने वाला मासिक कार्यक्रम मन की बात 28 सितम्बर को होगा। यह इस कार्यक्रम की 126वीं कड़ी होगी। इसके लिए सुझाव टोल–फ्री नंबर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 26 सितम्बर तक स्वीकार किए जाएंगे।

0000